# मिशन शिक्षण संवाद

**विशेष थीम पर आधारित रूचिपूर्ण, शैक्षिक एवं उपयोगी बाल कविताओं का संग्रह**

# बाल साहित्य सृजन

**माह- अक्टूबर 2024**



#9458278429

संकलन - मिशन शिक्षण संवाद बाल साहित्य सृजन टीम

मिशन शिक्षण संवाद · आओ हाथ से हाथ मिलाएँ · **मिशन शिक्षण संवाद** · बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ · मिशन शिक्षण संवाद

01.10.2024 मंगलवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1 विद्युत बल्ब

काँच से बना प्रकाश देता,
बिजली से यह जल जाता।
विभिन्न वॉट का यह होता,
कई आकृतियों में पाया जाता।।



फिलामेंट, टंगस्टन धातु का,
बीच में ग्लास में लगा होता।
निष्क्रिय गैस 'आर्गन' भरी होती।
विद्युतऊर्जा को प्रकाश में बदलता।।

रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
वि० ख० एवं जनपद- मथुरा



## 2 पंखा

पंखा विद्युत उपकरण,
घर-घर में है होता।
ठण्डी हवा देकर,
गर्मी को है भगाता।।



दुकान, अस्पताल, दफ्तर,
और विद्यालयों में होता।
उचित मूल्य पर पंखा,
दुकानों पर है मिलता।।

रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्रा० विद्यालय- राजपुर
मथुरा-मथुरा




## 3 ट्यूब लाइट

विभिन्न कम्पनियों की आती,
हैं बाजार में ट्यूबलाइट।
सफेद रोशनी से जगमग,
कमरा कर देती ट्यूबलाइट।।



देखने में लम्बी-पतली,
होती है ट्यूबलाइट।
विद्युत खर्च को बचाती,
है एल० ई० डी० ट्यूब लाइट।।

रचना-
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० जारी १
बड़ोखर खुर्द, बाँदा



## 4 टेबिल लैम्प

मेरे पापा कल बाजार से,
टेबिल लैम्प लाये हैं।
शीशबत्ती भी कहते इसको,
मुझको यह बताये हैं।।



अपनी पढ़ने की टेबिल में,
मैंने टेबिल लैम्प लगाया है।
रात को लैम्प जलाकर,
पढ़ने में खूब मज़ा आया है।।

रचना-
शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



# बाल साहित्य सृजन

## 1

### फ्रिज



फ्रिज का अविष्कार विज्ञान,
का एक बड़ा है चमत्कार।
प्रोफेसर विलियन कुलीन ने,
किया था यह बड़ा अविष्कार।।

खाद्य पदार्थ को सुरक्षित रखता,
कई दिनो तक खराब होने से बचाता।
ठंडा पानी गर्मी मे राहत पहुँचाता,
फ्रिज जीवन को सुगम बनाता।।

**रचना**
इला सिंह (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय
पनेरूवा, अमौली, फतेहपुर



## 2


### टी.वी



टेलीविजन भी है विज्ञान का,
एक अदभुत अनूठा अविष्कार।
जाँन बेयर्ड ने दिया दुनिया को,
यह प्यारा सा अजब उपहार।

टेलीविजन ने मनोरंजन की,
दुनिया मे कर दिया चमत्कार।
साथ ही ज्ञान के क्षेत्र मे दिया,
दुनिया को जानकारी का भंडार।।

**रचना**
माला सिंह (स०अ०)
क० वि० भरौटा
सरधना,मेरठ



## 3


### मिक्सी



दैनिक कार्यों में देता काम,
सभी घरों में इसका नाम।
चाहे पीसो चटनी या मसाला,
लल्सी, जूस झट से बना डाला।


रसोई की है मिक्सी जान,
करें यह सभी काम आसान।
इडली का जब मन ललचाये,
मिक्सी से दीदी बैटर बनाये।।

**रचना**
आरती यादव (स०अ०)
प्रा० वि० रनियां प्रथम
सरवनखेड़ा,कानपुर देहात



## 4

### पंखा



पंखा फर-फर चलता,
हवा हर ओर फिरता।
अमेरिका से यह आया,
पूरी दुनिया पर छाया।।

कूलर हो या ए.सी भैइया,
पंखा बिना चले ना पहिया।
कड़ी धूप में जब घर में आते,
झटपट सभी पंखा तेज चलाते।।

**रचना**
नीलम भास्कर ( स०अ०)
उ०प्रा०वि० सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत





04/10/2024

शुक्रवार




# बाल साहित्य सृजन

1

## ए० सी०

विज्ञान के ये आविष्कार,
हमें चकित कर जाते हैं।
ज्यादा गर्मी में जब कूलर,
और पंखे फेल हो जाते हैं।।



पसीने से हो जाते हैं तर,
तब हम ए०सी० चलाते हैं।
गर्मी को दूर करें तत्काल,
वातावरण को ठण्डा बनाते हैं।।

रचना-
पूनम गुप्ता"कलिका"(स०अ०)
प्रा०वि० धनीपुर, धनीपुर
अलीगढ़



2

## बल्ब

थॉमस एल्वा एडीसन ने,
विद्युत बल्ब को बनाया।
इसके आविष्कार ने,
जीवन को सरल बनाया।।



दिन और रात के समय,
घरों में उजाला करते हैं।
अलग-अलग वॉट के,
हमें मार्केट में मिलते हैं।।

रचना-
अनुप्रिया यादव (स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर



3


## विज्ञान

विज्ञान से हो रहे नित,
नये-नये अविष्कार।
विज्ञान से लाभान्वित,
हो रहा सारा संसार।।



रेडियो, टी० वी०, इण्टरनेट से,
पल में खबरें मिल जाती।
विज्ञान की सुख-सुविधाऐं,
जीवन को आसान बनाती।।

रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात



4

## प्रेस

सन् 1882 में हेनरी शीले ने,
विद्युत प्रेस का किया आविष्कार।
अन्दर गर्माहट उत्पन्न करने को,
लगा होता है नाइक्रोम का तार।।



विद्युत से चलती है प्रेस,
आकृति होती है नौकाकार।
कपड़ों की सिलवटे करती दूर,
बनती सौम्य कपड़ों की सूत्रधार।।

रचना-
अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाड़ा
बागपत, उत्तर प्रदेश



# बाल साहित्य सृजन

## 1 बल्ब

अंधेरे को दूर भगाये,
घर बाहर रोशनी लाये।
विद्युत उपकरण है बल्ब,
दैनिक उपयोग में आये बल्ब।।



कांच से यह बना होता,
कई रूपों में प्रयोग होता।
अंदर होती आर्गन गैस,
टंगस्टन का तार होता।।

रचना
सुमन पाण्डेय प्र.अ.
प्रा. वि. टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



## 2 टी.वी

समाचार की गूंजती आवाज,
दुनियां भर की खबरों का साज।
राजनीति पर बहस का खेल,
टी.वी. पर इन सबका मेल।।



धारावाहिक के किरदार,
विज्ञापनों की बहार।
सिनेमा के नजारे,
टी.वी. पर हर रंग लगते प्यारे।।

रचना
रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी (1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



## 3 प्रेस

कपड़ों की सुन्दरता बढ़ाता,
सिलवट उसकी दूर भगाता।
सुव्यवस्थित और सुसज्जित,
कपड़ों की है ये शान बढ़ाता।।



इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रकार,
गोल, तिकोना इसका आकार।
सुखा हो या फिर स्टीम आयरन,
कपड़ों में ये जान है लाता।।

रचना
सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
कं. उ. प्रा. वि. खजनी(रुद्रपुर)
गोरखपुर




## 4 इन्वर्टर

इन्वर्टर है बहुत उपयोगी,
जो सबके घरों में मिलता है।
डीसी को एसी में बदलकर,
घर में रोशनी यह करता है।।



बिजली का संचय इसमें होता है,
अनेक उपकरण इससे चलते हैं।
बिजली आपूर्ति करने में सक्षम,
घर जिससे होता जगमग।।

रचना
प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर





07/10/2024

सोमवार



# बाल साहित्य सृजन

1

## प्रेस



कपड़ों की सिकुड़न मारे यह,
सब सलवट दूर भगाती है।
इस्त्री भी इसको कहते हैं,
क्रीज़ ये खूब जमाती है।।

पहले कोयले से चलती थी,
अब बिजली वाली आती है।
नए नए रंगों में मिलती,
सब के मन को भाती है।।

रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



2

## हीटर



हीटर से खाना भी बनता,
सर्दी भी दूर भगाता है।
कमरे का तापमान बढाकर,
सुख की नींद सुलाता है।।

हीटर का प्रयोग सब करते,
समय-समय अनुसार सभी।
नाश्ता, चाय बनाकर के सब,
हों हर्षित, न दुःखी कभी।।

रचना-
जुगल किशोर त्रिपाठी (शि०मि०)
प्रा० वि०- बम्हौरी
मऊरानीपुर, झाँसी



3

## पंखा



गोल-गोल घूमे पंखा,
मुझको अच्छा लगता पंखा।
बिजली से चलता पंखा,
गर्मी से बचाता सबको पंखा।।

तरह-तरह का पंखा,
अलग-अलग रंगों में होता।
कोई होता टेबल पंखा,
कोई होता छत का पंखा।।

रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत



4

## कूलर



लोहे और प्लास्टिक का होता,
कूलर गर्मी दूर भगाता है।
अलग-अलग आकार,
और रंगों में ये आता है।।

कम खर्च करे यह बिजली,
और ए० सी० का काम करे।
हो जाये जब मौसम ठण्डा,
तब यह खूब आराम करे।।

रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



· आओ हाथ से हाथ मिलाएँ · **मिशन शिक्षण संवाद** · बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ ·

**08.10.2024** **मंगलवार**

# बाल साहित्य सृजन

## 1

### मिक्सी

समय-श्रम को जो बचाए,
रसोई घर में काम है आए।
बिजली से चलायी जाए,
मिक्सी जो है कहलाए।।



सभी मसाल अच्छे पीसे,
चटनी बनाने के काम आए।
हर, घर में जो पायी जाए,
विद्युत उपकरण कहलाए।।

रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्रा० विद्यालय- राजपुर
मथुरा-मथुरा



## 2

### हैण्ड मिक्सर

हाथ से इसका बटन दबाकर,
दही, मलाई मथ सकते।
लस्सी, मक्खन और स्वादिष्ट,
कई व्यञ्जन बना सकते।।



यह लम्बा, रई के जैसा होता,
'बीटर' मथने का कार्य करता।
यह 'गियर चलित यन्त्र' बर्तन में,
घूमता चटनी, जूस निकालता।।

रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
वि० ख० एवं जनपद- मथुरा



## 3

### सैण्डविच मेकर

आजकल बच्चों को खाने में,
सैण्डविच बहुत पसन्द आता।
सैण्डविच मेकर से घर में ही,
स्वादिष्ट सैण्डविच बन जाता।।



सैण्डविच मेकर में हाई पावर के,
हीटिंग एलिमेण्ट लगे आते।
जो ब्रेड की स्लाइड पका करके,
तुरन्त सैण्डविच बनाते।।

रचना-
शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



## 4

### टोस्टर

एक छोटा विद्युत उपकरण,
रेडिएण्ट हीट का करे उपयोग।
ब्रेड को बदले टोस्ट में,
कर मेलार्ड प्रतिक्रिया का प्रयोग।।



तीन प्रकार के होते टोस्टर,
पॉप अप, कन्वेयर, बन-ग्रिलिंग।
ब्रेड डालते जब टोस्टर में,
लाल हो जाती क्वाइलिंग।।

रचना-
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० जारी १
बड़ोखर खुर्द, बाँदा



आपका दिन शुभ हो..

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण.
शिकायत या सुझाव के लिए व्हाट्सएप करें. 94582 78429

संकलन
काव्यांजलि टीम
मिशन शिक्षण संवाद



10/10/2024

# बाल साहित्य सृजन

गुरुवार



## 1 प्रेस

कपड़ों की सलवटें हटाती,
बिजली से यह चलती है।
कपड़े कड़क हो जाते है,
प्रेस या इस्त्री होती है।।



इसे हाथ से पकड़ा जाता,
और गरम किया जाता है।
आजकल विद्युत से चलने वाली,
प्रेस का इस्तेमाल किया जाता है।।

रचना-
हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ



## 2 फ्रिज

गर्मी में मेरा साथ निभाता,
ठंडी ठंडी बर्फ जमाता।
फल हो या फिर हो सब्जी,
सबको ही ताजा यह रखता॥



हिन्दी में रेफ्रिजरेटर को,
प्रशीतित्र कहा जाता है।
गर्मी के दिनों में यह हमारी,
खूब मदद यह करता है।।

रचना-
शिप्रा सिंह (स० अ०)
उ० प्रा० वि० रूसिया
अमौली, फतेहपुर



## 3 कूलर

ठण्डी-ठण्डी हवा है देता,
गर्मी को कम कर देता।
पम्पऔर पंखे के साथ,
कूल-कूल हमें कर देता ।।



मध्यम वर्ग के लिए वरदान,
गर्मी, तपन का करें खुद पान।
हर घर में कूलर लगवाओ,
गर्मी का तुम करो निदान।।

रचना-
वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर



## 4 गीजर

सर्दी में गर्म पानी का,
गीजर बनता है साधन।
बिजली से ये चलता,
मिले गर्म पानी आनन फानन।।



छोटे बड़े कई आकार में,
बाजार में मिल जाता।
कपड़े, बर्तन और नहाने में,
जाड़े में ये राहत दिलवाता।।

रचना-
ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत



# बाल साहित्य सृजन

## 1 मोबाइल



मोबाइल है एक अनोखा,
अविष्कार विज्ञान का।
सारी बातें पूछो इससे
यह भण्डार है ज्ञान का।।

घड़ी के सारे काम ये करता,
अन्धेरे में टॉर्च जलाता।
दूर विदेश में बैठे अपने,
रिश्तेदार से बात कराता।।




रचना-
पूनम गुप्ता"कलिका"(स०अ०)
प्रा०वि० धनीपुर, धनीपुर
अलीगढ़

## 2 फ्रिज



ठण्डा-ठण्डा पानी हम,
गर्मियों में फ्रिज से पीते है।
खाने-पीने की चीजों को,
फ्रिज में सुरक्षित रखते हैं।।

बिजली से चलने वाली,
मशीनों में यह एक है।
हमारे दैनिक जीवन में,
इसका बहुत उपयोग है।।




रचना-
अनुप्रिया यादव (स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर

## 3 टेलीविजन




टेलीविजन मनोरंजन का,
प्रमुख साधन कहलाता है।
उपयोगी सूचनाओं को,
हम सब तक पहुँचाता है।।

इस पर प्रसारित प्रोग्राम,
सबको पसन्द आते हैं।
घर बैठे टेलीविजन पर,
हम उपयोगी ज्ञान पाते हैं।।



रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात

## 4 मोबाइल



जानकारी का हूँ मै खजाना,
मनोरंजन का हूँ मै सँसार।
रिश्ते-नातो को जोड़ बन्धन में,
सबके बीच बड़ाता हूँ प्यार।।

कॉल, मैसेज, इण्टरनेट आदि,
पल-भर मे करता हूँ ढेरों काम।
बच्चे-बड़े सब उपयोग मे लाते,
मोबाइल है मेरा नाम।।



रचना-
अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाड़ा
बागपत, उत्तर प्रदेश

# बाल साहित्य सृजन

## 1
## वाशिंग मशीन



कपड़े धोना ना अब कठिन,
आ गई है घर वाशिंग मशीन।
विद्युत का है यह उपकरण,
बहुत उपयोगी है उपकरण।।

बाजार में हैं कई प्रकार,
जेम्स किंग द्वारा अविष्कार।
सेमी व फुल आटोमेटिक,
उपलब्ध हैं वाशिंग मशीन।।

रचना
सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्रा. वि. टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



## 2
## सिलाई मशीन



सिलाई मशीन और धागे का साथ,
फैशन को देता है मात।
हर कपड़े की अजब कहानी,
सिलतीं है मम्मी और नानी।।
गुड़िया के कपड़े हों,
या माँ का दुपट्टा।
सिलते ही खिलता हर कपड़ा,
हर टांके में है प्यार और ममता।।

रचना
रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी (1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात




## 3
## प्रिंटर



प्रिंटर है एक मशीन,
छपाई करना इसका काम।
कम्प्यूटर से लेकर टेक्स्ट,
कागज में लिखना इसका काम।।

बिजली से चलती यह मशीन,
हर आफिस में मिलती मशीन।
मुश्किल काम को करती आसान,
कम समय में करती बड़ा काम।।

रचना
प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट वि. अमौली
अमौली, फतेहपुर




## 4
## कम्प्यूटर



कम्प्यूटर की बात निराली,
प्रोग्रामिंग की अद्भुत प्याली।
संगणक है इसका एक नाम,
ये आता है बहुत ही काम।।
सी पी यू प्रोसेसिंग कराता,
मेमोरी चिप से भेंट कराता।
की बोर्ड, माउस इसकी पहचान,
आधुनिक युग का यही है जान।।

रचना
सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
कंपोजिट उ. प्रा. वि. खजनी
(रुद्रपुर), गोरखपुर



# बाल साहित्य सृजन

1


## टॉर्च

जब बिजली हो जाये गुल,
हो रोशनी का न इन्तजाम।
छोटी-सी, प्यारी टार्च,
आती है बहुत काम।।



शैल से यह चलती है,
चार्ज वाली भी आती है।
ले जाने में आसान कहीं भी,
सबके मन को भाती है।।

रचना
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



2

## प्रकाश स्तम्भ

जो खड़ा हो बीच समन्दर के,
नाविक को दिशा दिखाता है।
खुद जलता रहता है हरदम,
दूसरों को राह बताता है।।



है मान उसी का इस जग में,
वह ही ऊँचा बन जाता है।
जो राह करे रोशन सब की,
वह प्रकाश स्तम्भ कहलाता है।।

रचना
बृजराज सारस्वत (ई०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



3

## ट्यूबलाइट

फ्लोरोसेंट ट्यूबलाइट है,
होती तीन प्रकार की।
टी ट्वेल्व, टी ऐट और,
टी फाइब भिन्नाकार की।।



ट्यूबलाइट आकार करे,
चहुँ वितरित सम प्रकाश को।
अन्य लाइटों की तुलना में,
लगती छू ले आकाश को।।

रचना
जुगल किशोर त्रिपाठी (शि०मि०)
प्रा० वि० बम्हौरी (कम्पोजिट)
मऊरानीपुर, झाँसी (उ०प्र०)



4

## बल्ब


तिमिर को दूर भगाते बल्ब,
घर-घर रोशनी फैलाते बल्ब।
छोटे-बड़े सब वाट में आते,
हर रंग हर आकार में आते।।



बिजली से जगमगा जाते हैं,
रंग-बिरंगी रोशनी लाते हैं।
दिवाली पर हर घर को सजाते,
झालर में यह लगाये जाते।।

रचना
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० निवाड़ा
बागपत, बागपत







# बाल साहित्य सृजन

## 1 गीजर



सर्दी के मौसम में जब,
ठण्ड से तन जाता है काँप।
कभी गैस तो चूल्हे में तब,
पानी गर्म करते हैं आप।।
पर बढ़ते कदमों ने विज्ञान के,
बाथरूम तक गीजर पहुँचाए।
ऑटोमेटिक गरम हो पानी,
सर्दी में आराम आ जाए।।

रचना-
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि०- जारी (भाग- 1)
बड़ोखर खुर्द, बाँदा




## 2 चिमनी



रसोई घर में चिमनी लगाते,
अन्दर का धुँआ बाहर भगाते।
चिमनी हमेशा ऊँची लगाना,
पर्यावरण को भी है बचाना।।
कारखानों में चिमनी लगती,
गन्दगी इससे बाहर निकलती।
स्वचलित चिमनी अब आती,
गन्दगी इसमें जमा हो जाती।।

रचना-
शहनाज़ बानो (स०अ०)
उ० प्रा० वि० भौंरी,
मानिकपुर, चित्रकूट



## 3 इण्डक्शन चूल्हा



शीशे के कवर का चूल्हा,
बिजली से चलने वाला।
इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रिएक्शन से,
बर्तन को गर्म करने वाला।।
आयरन, स्टील के वर्तन,
कुकर स्टील का काम करता।
कुकिंग को आसान कर देता,
फ्लेमलैस कहीं भी उपयोग होता।।

रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा



## 4 एक्जोस्ट फैन



घर की अटारी पर भी लगाते
एक्जोस्ट फैन विशेष होता।
गर्म हवा को बाहर फेंकता,
ठण्डी हवा अन्दर लाता।।
होटल, इमारत, कारखाने,
और बैंकों में लगाया जाता।
वातानुकूलन का अच्छा साधन,
दुकानों से खरीदा जाता।।

रचना-
उमा ठाकुर (इ०प्र०अ०)
प्रा० वि०- राजपुर
मथुरा, मथुरा



# बाल साहित्य सृजन

## 1

### वाशिंग मशीन



वाशिंग मशीन है उपयोगी यंत्र,
गृहिणी के लिए है सुखद मंत्र।
कपड़े धोने का काम सरल होता,
इससे समय भी बहुत बच जाता।।

सर्दियो मे बहुत राहत दिलाता,
गृहिणियो को थकने से बचाता।
विज्ञान का यह बड़ा अविष्कार,
धुलाई की दुनिया मे चमत्कार।।

**रचना**
इला सिंह (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय
पनेरूवा, अमौली, फतेहपुर



## 2


### इलेक्ट्रॉनिक टोस्टर



टोस्टर भी बिजली से चलता,
झटपट ब्रेड को सेक डालता।
सुबह का नाश्ता आसान बनाता,
गृहिणियो का यह समय बचाता।।

छोटा सा यह यंत्र बड़े काम का,
बच्चो के लिए भी यह आसान।
कुरकुरे टोस्ट सभी को खूब भाते,
सभी इनको देखकर बहुत ललचाते।।

**रचना**
माला सिंह (स०अ०)
क० वि० भरौटा
सरधना,मेरठ



## 3


### वाटर हीटर



वाटर हीटर बिजली से चलता,
झटपट पानी गर्म कर देता।
सर्दी मे देता हमको बहुत आराम,
नहाना भी हो जाता बहुत आसान।


यह तो हमारा समय भी बचाता,
बहुत से कामो को सरल बनाता।
यह यंत्र किसी की सोच का परिणाम,
वाटर हीटर है इसका प्यारा नाम।।

**रचना**
आरती यादव (स०अ०)
प्रा० वि० रनियां प्रथम
सरवनखेड़ा,कानपुर देहात



## 4

### डिशवॉशर



हैं यह उपयोगी उपकरण,
बर्तन धोना बना साधारण।
बिजली से चलता यह यंत्र,
सभी हुए खुश देख यह तंत्र।।

घर,होटलों में काम निपटायें,
समय और उर्जा ले बचायें।
पल में बर्तन चमकता मिलता,
डिशवॉशर ऐसा अजूबा करता।।

**रचना**
नीलम भास्कर ( स०अ०)
उ०प्रा०वि० सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत





17/10/2024



गुरुवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1

## मोबाइल

एक जगह ही बैठे बैठे,
करवाता सभी जगह ये बात।
देश रहे या रहे विदेश,
चाहे दिन हो, चाहे रात।।



नए पुराने गानों पर,
बन जाती इसकी रिंगटोन।
मोबाइल कहते हैं इसको,
कुछ कहते इसको सेलफोन।।

रचना-
हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ



## 2

## कम्प्यूटर




1833 में चार्ल्स बैबेज ने,
कम्प्यूटर को डिजाइन किया।
जर्मन कोनराड ज़्यूस ने,
आधुनिक कम्प्यूटर का निर्माण किया॥

विजय पांडुरंग भाटकर भारतीय सुपर,
कंप्यूटर के पिता के रूप में लोकप्रिय हुए।
एलन ट्यूरिंग ने एल्गोरिदम के साथ,
कम्प्यूटर बना वे विश्व प्रसिद्ध हुए॥

रचना-
शिप्रा सिंह (स० अ०)
उ० प्रा० वि० रूसिया
अमौली, फतेहपुर



## 3

## टी०वी०



डिब्बी जैसा घर है इसका,
दुनिया है बिल्कुल रंगीन।
गीत-संगीत नाटक, फिल्म,
मनोरंजन के साधन है हसीन।।

सपनों की दुनिया या हो कार्टून,
समाचारों की खबरें होती नमकीन।
ज्ञान-विज्ञान, योग का संगम,
कला, एहसास, खुशियाँ लाये नवीन।।

रचना-
वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर



## 4

## प्रिंटर



प्रिंटर एक ऐसा उपकरण,
छवियों को छापता है।
वर्ड, एक्सेल,अन्य प्रोगाम,
इसकी मदद से छपता है।।

इंकजेट, थर्मल,और लेजर,
प्रिंटर के प्रकार कहलाते।
आजकल घरों या दफ्तरों में,
ये खूब हैं पाये जाते।।

रचना-
ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत



# बाल साहित्य सृजन

## 1

### स्कूटर



दुनिया में विज्ञान का यह,
है उपयोगी आविष्कार।
दो पहिए का स्कूटर,
चलाता है सारा संसार।।

होता है सुरक्षित यह,
चलाने में है बहुत आसान।
जन-जन का वाहन बनकर,
इसे मिल गई है पहचान।।



रचना-
पूनम गुप्ता"कलिका"(स०अ०)
प्रा०वि० धनीपुर, धनीपुर
अलीगढ़

## 2

### कूलर



मई-जून की गर्मी में,
हमें ठण्डी हवा देता।
गर्मी और पसीने में,
कूलर हमें राहत देता।।


रंग-बिरंगा हमारा कूलर,
बिजली से चलता है।
छोटे-बड़े आकारों में,
हमें बाजार में मिलता है।।



रचना-
अनुप्रिया यादव (स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर

## 3

### ए० सी०



गर्मियों के मौसम में जब,
गर्मी से हाल बेहाल हो जाता है।
ए० सी० से कुछ ही मिनटों में,
कमरा ठण्डा हो जाता है।।

ए० सी०,कूलर पंखा सभी,
विज्ञान के अविष्कार कहलाते हैं।
विज्ञान के चमत्कारों से ही,
हम जीवन में सुविधाएँ पाते हैं।।



रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात

## 4

### पंखा



जब-जब गर्मी होती,
और पसीना बहता है।
तब साथी बनकर पंखा,
साथ हमारे रहता है।।

तीन पंखुड़ियाँ होती,
बिजली से चलता है।
स्विच ऑन करते ही,
हवा से सुकून मिलता है।।



रचना-
अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाड़ा
बागपत, उत्तर प्रदेश

19/10/2024 शनिवार

# बाल साहित्य सृजन

1

## इलेक्ट्रिक स्कूटर



इलेक्ट्रिक स्कूटर है तैयार,
भरा पड़ा इससे बाजार।
मोनू के नानाजी बोले,
लाऊंगा मैं भी इस बार।।
रिचार्जेबल बैटरी इसकी,
बेहतर क्षमता स्कूटर की।
सभी उम्र के लोगों को भाता,
यह स्कूटर प्रदूषण घटाता।।

रचना
सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्रा.वि.टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



2

## इलेक्ट्रिक कार



इलेक्ट्रिक कार से,
बदल गई है पहचान।
प्रदूषण हुआ कम,
हर सफर में बढ़ी है शान।।
बिजली से चलती है,
चलकर न थकती इलेक्ट्रिक कार,
खुशियाँ लुटाती है,
सबको लुभाती इलेक्ट्रिक कार।।

रचना
रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी (1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



3

## इलेक्ट्रिक रिक्शा



तीन पहिया वाला वाहन,
चार्जिंग बैटरी से चलता है।
बिजली से चार्ज होता,
5 से 7 से घंटे में चार्ज होता है।।
यात्री को सुविधा मिलती है,
घर-घर में सबको पहुंचाता है।
हल्के स्टील की बाडी बनती,
डी सी मोटर का प्रयोग होता है।।

रचना
प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली फतेहपुर



4

## इलेक्ट्रिक साइकिल





विद्युत मोटर से ये भागे,
मेरी साइकिल सबसे आगे।
थ्रोटल घुमाऊं भागा ये जाए,
कारनामें भी खूब दिखाए।।
इलेक्ट्रिक साइकिल की बड़ी रफ्तार,
ऐसे घूमे जैसे हो पुरवा बयार।
चार्ज करूँ दिन में एक बार,
चलूँ किलोमीटर कई हजार।।

रचना
सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
कं. उ. प्रा. विद्यालय खजनी
(रुद्रपुर), गोरखपुर



मिशन शिक्षण संवाद
आओ हाथ से हाथ मिलाएँ · बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ
21-10-2024
सोमवार





# बाल साहित्य सृजन

## 1 रेफ्रिजरेटर




घर में फ्रिज बहुत जरूरी,
सबकी इच्छाएँ करता पूरी।
ठंडा-ठंडा पानी पिलाता,
बर्फ आइसक्रीम सभी जमाता।।

बच जाते जब खाद्य पदार्थ,
रखने से इसमें ना होते खराब।
सब्जियाँ इसमें चलती दिन ज्यादा,
गर्मियों में यह सबको भाता।।

रचना
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० निवाड़ा
बागपत, बागपत




## 2 एयर कंडीशनर



गर्मी को है दूर भगाता,
तापमान को देता घटा।
जब ए०सी० घर में आयें,
थकान को देता है मिटा।।


खिड़की व दीवारों वाले,
जैसे चाहे ले आओ।
भरी दोपहर में घर आकर,
सुकून थोड़ा पा जाओ।।

रचना
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ




## 3 टेलीविजन

दूर पास की खबर दिखाता,
घर बैठे सारा जहां घुमाता।
दूर दर्शन भी इसको कहते,
सब इसके आस पास ही रहते।।



पापा को बस खबरें भाती,
नई नई फिल्में हैं आती।
नए नए रूपों में आता,
टेलीविजन यह कहलाता।।

रचना
बृजराज सारस्वत (ई०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



## 4 कम्प्युटर

कम्प्युटर संगणक मशीन इक,
करती डेटा रिसीव, संरक्षित।
संसाधित करके देती, परिणाम,
सदा रखती है संग्रहित। ।



कामन आपरेटिंग मशीन ये,
प्रौद्योगिकी में होती प्रयुक्त।
शैक्षिक अनुसंधान कार्य में,
डिजाइन, लेखन में उपयुक्त। ।

जुगल किशोर त्रिपाठी (शि०मि०)
प्रा० वि० बम्हौरी (कम्पोजिट)
मऊरानीपुर, झाँसी (उ०प्र०)



मिशन शिक्षण संवाद
• आओ हाथ से हाथ मिलाएँ • मिशन शिक्षण संवाद • बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ •
22/10/2024 मंगलवार




# बाल साहित्य सृजन

## 1 पेन ड्राइव




पोर्टेबल स्टोरेज डिवाइस,
स्टोरेज ट्रान्सफर करता।
इलेक्ट्रॉनिक डाटा सेवर,
'पेन ड्राइव' है कहलाता।।

एक छोटा सा डिवाइस,
फ्लैश-मेमोरी, चिप में होता।
कम्प्यूटर, लैपटॉप, एनालॉग डिवाइस,
'पेन ड्राइव' का प्रयोग होता।।

रचना-
उमा ठाकुर (इ०प्र०अ०)
प्रा० वि०- राजपुर
मथुरा, मथुरा



## 2 पावर बैंक



यह इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस,
पोर्टेबल चार्जर, चार्ज करता।
अपनी अन्तर्निहित बैटरी से,
बिजली की आपूर्ति करता।।

पावर बैंक से स्मार्ट फोन,
ईयर फोन, टेबलेट चार्ज करते।
वायरलेस चार्जिंग को भी,
कुछ 'पावर बैंक' सपोर्ट करते।।

रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उ०प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा



## 3 ईयर फोन



ब्लू-टूथ से कनेक्ट करके,
लीड, कान में लगाते हैं।
हम 'ईयर फोन' के जरिये,
स्पष्ट आवाज सुन पाते हैं।।

कई तरह के 'ईयर फोन' आते,
हम इससे गाना सुन पाते।
जब आस-पास होता शोर,
तब लीड लगा न होते बोर।।

रचना-
शहनाज़ बानो (स०अ०)
उ० प्रा० वि० भौंरी,
मानिकपुर, चित्रकूट



## 4 चार्जर



मोबाइल की बैटरी,
हो जाती है खत्म।
तब चार्जर का,
प्रयोग करते हम।।

बहुत सी डिवाइस,
होती हैं चार्जेबल।
चार्जिंग से मिलता है,
बैटरी को बल।।

रचना-
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि०- जारी (भाग- 1)
बड़ोखर खुर्द, बाँदा



# बाल साहित्य सृजन

## 1

## इनवर्टर

बिजली जब चली जाती है,
हो जाते हैं हम परेशान।
बिजली के उपकरण रुक जाते,
बढ़ जाए हमारी थकान।।




बैटरी की सहायता से,
बिजली को पैदा करता यह।
डीसी को एसी में बदले,
इनवर्टर कहलाता है वह।।



रचना-
हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ

## 2

## ए० सी०

गर्मी में यह राहत देता,
ठंडी ठंडी हवा यह देता।
मई जून की गर्मी में यह,
बर्फ के जैसे ठंडक देता।।




स्प्लिट हो या विंडो एसी,
दोनों में ही मन भर देता।
गर्मी की लू वाले मौसम में,
ठंडक वाला एहसास यह देता।।



रचना-
शिप्रा सिंह (स० अ०)
उ० प्रा० वि० रूसिया
अमौली, फतेहपुर

## 3

## गीजर

झटपट पानी गरम है करता,
बिजली से है यह चलता।
यंत्र ये है विज्ञान का परिणाम,
सर्दी में आता है बड़ा काम।।




ठंडी मे जब हमें गलन सताये
गीजर की याद सभी को आये।
काम अनेक आसान करें यह,
सर्दी में सबके मन को भाये।।



रचना-
वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर

## 4

## वॉशिंग मशीन

कपड़े धुल जाते आराम से,
देती ये छुट्टी एक काम से।
वॉशिंग मशीन कपड़े धोती,
पता है चलता नाम से।।



छोटे, बड़े, भारी, हल्के,
सारे कपड़े धुल जाते।
सर्फ मिलाओ, बटन दबाओ,
धुलकर हमको मिल जाते।।



रचना-
ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत

मिशन शिक्षण संवाद

• आओ हाथ से हाथ मिलाएँ • **मिशन शिक्षण संवाद** • बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ •



25/10/2024

शुक्रवार



# बाल साहित्य सृजन

## 1

### कम्प्यूटर



आया नया, जमाना अब,
टीवी आया, आया स्कूटर।
नयी-नयी चीजों को लाया,
अपना प्यारा यह कम्प्यूटर।।

ज्ञान की सारी बातें बताता,
पढ़ना-लिखना हमें सिखाता।
माउस लेकर के हाथों में,
सोनू इसको खूब चलाता।।



**रचना-**
**पूनम गुप्ता"कलिका"(स०अ०)**
**प्रा०वि० धनीपुर, धनीपुर**
**अलीगढ़**

## 2

### वाशिंग मशीन



कपड़े धोने की मशीन को,
वाशिंग मशीन हम कहते हैं।
आसानी बनाती कामों को,
बिजली से यह चलती है।।

अपकेन्द्रण के नियम पर,
यह मशीन काम करती।
छोटी-बड़ी हर प्रकार की,
बाजार में हमें मिलती है।।



**रचना-**
**अनुप्रिया यादव (स०अ०)**
**क० वि० काजीखेड़ा**
**खजुहा, फतेहपुर**


## 3

### रेडियो



रेडियो मनोरंजन का महत्वपूर्ण,
साधन माना जाता है।
दूर दराज के क्षेत्रों में रेडियो
सूचनाएँ पहुँचाता जाता है।।

रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम,
बहुत उपयोगी होते हैं।
रेडियो मनोरंजन के साथ-साथ,
ज्ञान में भी वृद्धि करते हैं।।



**रचना-**
**मृदुला वर्मा (स०अ०)**
**प्रा० वि० अमरौधा प्रथम**
**अमरौधा, कानपुर देहात**

## 4

### दूरदर्शन (टी.वी.)



दूरदर्शन मनोरंजन का,
हँसता खेलता है सँसार।
देश-विदेश की बाते बताता,
दैनिक जीवन का है आधार।।

पढ़ाई ज्ञान-विज्ञान सिखाता,
कला संस्कृति का मेल कराता।
पौराणिक इतिहास समझाकर,
सच्चे साथी का आभास कराता।।



**रचना-**
**अमित गोयल (स०अ०)**
**प्रा० वि० निवाड़ा**
**बागपत, उत्तर प्रदेश**



26/10/2024

# बाल साहित्य सृजन

शनिवार



1

## इलेक्ट्रिक चूल्हा

चूल्हे या स्टोव के कई प्रकार,
इलेक्ट्रिक चूल्हा है अब तैयार।
बिजली से यह काम करता,
बनते व्यंजन हर प्रकार।।



इलेक्ट्रिक चूल्हे की बात निराली,
तैयार होती है स्वादिष्ट थाली।
इलेक्ट्रिक चूल्हा प्रदूषण घटाये,
हम सबके मन को भाये।।

रचना
सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्रा. वि. टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



2

## एयर कंडीशनर

ए सी की है बात निराली,
करे नियंत्रित गर्मी हाली।
आरामदायक है सुविधाएं,
गर्मी से सब राहत पाएं।।



हीटिंग कूलिंग में इसका काम,
सभी प्राणी पा जाते विश्राम।
इससे जीवन में आए आराम,
एयर कंडीशनर है इसका नाम।।

रचना
सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
कंपोजिट उ. प्रा. विद्यालय
खजनी(रुद्रपुर),गोरखपुर



3

## ब्लोअर

पार्टी की तैयारी हो,
या जब हो धूमधाम।
ब्लोअर आता काम,
करता है सब आसान।।



ब्लोअर छोटा सा यंत्र है,
पर है इसकी पहचान।
ब्लोअर की मदद से,
सबको मिलता आराम।।

रचना
रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी (1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



4

## इलेक्ट्रिक ओवन

बिजली से यह चलता है,
बल्ब भी अन्दर जलता है।
झटपट भोजन गर्म करता है,
आलू-बैंगन सब भुनता है।।



इलेक्ट्रिक ओवन रेडिएंट हीट से चलता है,
इसमें जल्दी भोजन पकता है।
माइक्रोवेव ओवन गर्म करता है,
अनेक तरह का भोजन बनता है।।

रचना
प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर



मिशन शिक्षण संवाद
• आओ हाथ से हाथ मिलाएँ • मिशन शिक्षण संवाद • बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ •
28-10-2024 सोमवार

# बाल साहित्य सृजन

1

## किचन चिमनी



इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है ये इक,
तेल, गन्दगी, धुआं निकाले।
बने सुखद स्थान रसोई,
दुर्भाग्य हरे सब दु:ख के जाले।।

पर्यावरण प्रदूषण हरता,
ग्रीस, जमी हुई मैल हटाता।
शक्तिशाली मोटर है फिल्टर,
सदा प्रभावी, सबको भाता।।

रचना
जुगल किशोर त्रिपाठी (शि०मि०)
प्रा० वि० बम्हौरी (कम्पोजिट)
मऊरानीपुर, झाँसी (उ०प्र०)



2

## ब्लेंडर



दूध बिलौते माखन निकालते,
बिजली से है इसको चलाते।
इसने कर दिया काम आसान,
रसोई के करता बहुत ही काम।।

आधुनिक रई यह कहलाता,
मिनटो में यह काम कर जाता।
साग पीसो या शेक बनाओ,
बर्तन में डालकर ब्लेंडर चलाओ।।

रचना
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० निवाड़ा
बागपत, बागपत



3

## हीटर



बिजली से यह चलता है,
काम अनेक करता है।
खाना भी बन जाता इससे,
कमरा गर्म भी करता है।।

धुआं नहीं करता हीटर,
नहीं गन्दगी फैलाता है।
बाजारों में यह अनेक,
डिजाइन में आता है।।

रचना
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



4

## इंडक्शन




बिजली से चलता है यह,
इंडक्शन इसको कहते हैं।
आधुनिक रसोई घरों में,
अधिकतर यह मिलते हैं।।

मिनटों में दूध गर्म करता,
चुटकी में चाय बनाता है।
गृहणी का काम आसान करे,
यह सबके मन को भाता है।।

रचना
बृजराज सारस्वत (ई०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा





दिनांक- 29/10/2024

दिन- मंगलवार



# बाल साहित्य सृजन

## 1

## प्लग

इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में,
प्लास्टिक का एक सामान।
जिसके बीच से दो या तीन,
पिन जाना है बात आम।।



स्विच बोर्ड के होल्स पर,
प्लग को हम लगाते हैं।
मल्टीप्लग, वाश डबल,
पिन कई प्रकार के आते हैं।।




रचना-
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० विद्यालय जारी भाग 1
बड़ोखर खुर्द, बाँदा

## 2

## स्विच

स्विच है विधुत उपकरण,
बहुत काम यह आता है।
जब भी पंखा, बल्ब लगाते,
तब स्विच लगाया जाता है।।



विधुत की धारा को रोके,
या फिर चालू करते हैं।
सभी इलेक्ट्रॉनिक समान में,
स्विच लगाया करते हैं।।

रचना-
शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि०- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



## 3

## ड्रायर

इलेक्ट्रॉनिक होता है,
सुखाने के काम आता है।
स्पीड कम-ज्यादा करके,
इसे चलाया जाता है।।



बालों को सुखाना हो या,
कोई गीला सामान सुखाना।
स्विच लगाकर बटन से ही,
आसान होता इसे चलाना।।



रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा

## 4

## वैक्यूम क्लीनर

सफाई का उपकरण,
हूवर स्वीपर नाम से जाना जाता।
आमतौर पर है यह,
बैक्यूम क्लीनर कहलाता।।



धूल-गन्दगी फर्श की,
खींचकर साफ है करता।
समय-श्रम की बचत करता,
लोकप्रिय उपकरण कहलाता।।

रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्राथमिक विद्यालय राजपुर
मथुरा, मथुरा



# बाल साहित्य सृजन

## 1 बर्तन धोने की मशीन




बर्तन धोने की मशीन का अविष्कार,
विज्ञान की दुनिया का है चमत्कार।
मशीन से बर्तन धोना आसान होता,
इससे बहुत सा समय भी बचाता।।

मशीन मे बर्तन डाल दिये जाते,
डिटर्जेंट को भी इसमे भरा जाता।
फिर सायकल सेट किया जाता,
बर्तन चमचमाते धुल कर निकलते।।

रचना
इला सिंह (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय
पनेरूवा, अमौली, फतेहपुर




## 2 इलेक्ट्रिकल सिलाई मशीन




पुराने समय से कपड़े सिले जाते,
सिलाई मशीन का बड़ा महत्व होता।
इलेक्ट्रॉनिक मशीन का प्रयोग होता,
इससे कपड़े सिलना आसान होता।।

इसमे एक मोटर नीचे लगा होता,
उसको एक पैर से चलाया जाता।
इससे कई प्रकार के कार्य हो जाते,
सिले कपड़े बहुत ही आकर्षक होते।।

रचना
माला सिंह (स०अ०)
क० वि० भरौटा
सरधना,मेरठ




## 3 गीजर



सर्दियों का जब मौसम आता,
पानी भी ठंडा हो जाता।
गीजर की तब याद आती,
ठण्ड जिससे दूर भागती।।

बिजली से यह चलता,
पानी को झट गर्म कर देता।
मजा हम खूब करते,
गर्म पानी से जब नहाते।।

रचना
आरती यादव (स०अ०)
प्रा० वि० रनियां प्रथम
सरवनखेड़ा,कानपुर देहात



## 4 इलेक्ट्रिक कैटल



इलेक्ट्रिक कैटल बिजली से चलता,
पानी को यह झटपट गर्म कर देता।
गैस की इससे बहुत बचत हो जाती,
किचन मे होने का झंझट नही होता।।

हर बड़े होटल के कमरे मे यह होता,
झटपट कॉफी,चाय यह बना देता।
इलेक्ट्रिक कैटल कर देता कमाल,
विज्ञान की दुनिया का है अविष्कार।।

रचना
नीलम भास्कर ( स०अ०)
उ०प्रा०वि० सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत



# बाल साहित्य सृजन

## 1

### लिफ्ट



बटन दबाओ नीचे आती,
बटन दबाओ ऊपर।
पल में जाती है जमीन पर,
पल में जाती छत पर।।

भारी भरकम सामानों को,
करती पल में शिफ्ट।
बहुत अनोखा रूप है इसका,
कहलाती है लिफ्ट।।

रचना-
हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा०वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ



## 2

### मिक्सर जूसर



सेब, संतरा आदि हर तरह के,
फलों का यह जूस बनता है॥
आम, केला, दूध आदि से यह,
विभिन्न प्रकार के शेक बनाता है॥

हम सबके काम को पल भर में,
करके आसान बनाता है।
हर घर में सबकी मम्मी को यह,
खूब पसन्द आता है॥

रचना-
शिप्रा सिंह (स० अ०)
उ० प्रा० वि० रूसिया
अमौली, फतेहपुर



## 3

### वॉशिंग मशीन



झटपट कपड़े धो देती है
गीले कपड़े सुखा देती है।
गृहणी का करें काम आसान,
वाशिंग मशीन है उसका नाम।।

विज्ञान ने दिया यह वरदान
वाशिंग मशीन आया काम।
जाड़े में दे सुखद अहसास,
जिद्दी दाग भी होता साफ।।

रचना-
वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर



## 4

### इलेक्ट्रिक केटल



इलेक्ट्रिक केटल है जादू,
ना उठे धुँआ न आग जले।
पर तैयार चीजें मिल जायें,
झंझट से हम बचे रहें।।

चाय, मैगी और चावल,
इसमें खूब बन जाता है।
बिजली से चलती है ये,
हर कोई इसे चला पाता है।।

रचना-
ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल साहित्य सृजन

## रचनाकारों की सूची

1- बृजराज सारस्वत, मथुरा
2- भावना शर्मा, मेरठ
3- जुगल किशोर, झाँसी
4- सीमा शर्मा, बागपत
5- नैमिष शर्मा, मथुरा
6- उमा ठाकुर, मथुरा
7- शहनाज़ बानो, चित्रकूट
8- ज्योति विश्वकर्मा, बाँदा
9- आरती यादव, कानपुर देहात
10- इला सिंह, फतेहपुर
11- नीलम भास्कर, बागपत
12- माला सिंह, मेरठ
13- हेमलता गुप्ता, अलीगढ़
14- वन्दना यादव, जौनपुर
15- शिप्रा सिंह, फतेहपुर
16- ज्योति सागर, बागपत
17- पूनम गुप्ता, अलीगढ़
18- अमित गोयल, बागपत
19- अनुप्रिया यादव, फतेहपुर
20- मृदुला वर्मा, कानपुर देहात
21- प्रतिमा उमराव, फतेहपुर
22- सुमन पाण्डेय, फतेहपुर
23- सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर
24- रूपी त्रिपाठी, कानपुर देहात

**तकनीकी सहयोग**

1- नैमिष शर्मा, मथुरा
2- जितेन्द्र कुमार, बागपत

**मार्गदर्शन- राजकुमार शर्मा, चित्रकूट**

**संकलन :- काव्यांजलि दैनिक सृजन टीम**